रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएन o ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** निम्नलिखित में से किस प्रक्रम के कारण जल, मिट्टी से मूल रोम की कोशिकाओं में प्रवेश करता है?

Ans A). विसरण B). वाष्पोत्सर्जन C). परासरण D). सक्रिय परिवहन

**Correct Answer: C**

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सक्रियता श्रृंखला में शीर्ष पर होने के कारण विद्युत अपघटन द्वारा निष्कर्षित की जाती है?

Ans A). जस्ता (Zinc) B). तांबा (Copper) C). सोडियम (Sodium ) D). लोहा (Iron)

**Correct Answer: C**

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन संवृत निकाय में द्रव्यमान संरक्षण के नियम के उल्लंघन को दर्शाता है?

Ans A). विलयनों के मिश्रण के बाद एक श्वेत अवक्षेप बनता है

B). निकाय के तापमान में वृद्धि होती है

C). अभिक्रिया के बाद विलयन का रंग परिवर्तित हो जाता है

D). उत्पादों का द्रव्यमान, अभिकारकों के द्रव्यमान से कम होता है

**Correct Answer: D**

**Q.4** जब कोशिका वृद्धि को नियंत्रित करने वाले नियामक तंत्र विफल हो जाते हैं, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से विभाजित होने लगती हैं, जिससे __________ का निर्माण होता है।

Ans A). अर्बुद (Tumours) B). कोशिका अंतरंगक (Cell inclusions) C). रसधानी (Vacuoles) D). अंग तंत्र (Organ systems)

**Correct Answer: A**

**Q.5** अपकेंद्रण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans A). मिश्रण में भिन्न घनत्व वाले घटकों को पृथक करने के लिए अपकेंद्रण का उपयोग किया जाता है।

B). अपकेंद्रण में मिश्रण के घटकों को पृथक करने के लिए उसे तीव्र गति से घुमाना शामिल है।

C). प्रयोगशाला में रक्त के घटकों को पृथक करने के लिए अपकेंद्रण अनुप्रयुक्त किया जा सकता है।

D). केवल समान कण आकार वाले ठोस मिश्रणों को अपकेंद्रण के माध्यम से पृथक किया जा सकता है।

**Correct Answer: D**

**Q.6** दो लेंस इस प्रकार हैं कि एक 12 cm फोकस दूरी वाले अभिसारी लेंस और दूसरे −18 cm फोकस दूरी वाले अपसारी लेंस को संपर्क में रखा जाता है, तो इस लेंस निकाय की संयुक्त फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7.2 cm B). 8 cm C). 16 cm D). 36 cm

**Correct Answer: D**

**Q.7 खाद्य श्रृंखला और खाद्य जाल के बीच क्या अंतर है?**

Ans A). खाद्य श्रृंखला में हमेशा अपघटक शामिल होते हैं, जबकि खाद्य जाल में नहीं

B). खाद्य श्रृंखला एक एकल रैखिक मार्ग को दर्शाती है, जबकि खाद्य जाल परस्पर जुड़े हुए आहार संबंधों को दर्शाता है

C). खाद्य श्रृंखलाओं में ऊर्जा स्थानांतरण दक्षता खाद्य जाल की तुलना में उच्च होता है

D). खाद्य श्रृंखलाएँ जलीय पारिस्थितिक तंत्रों में पाई जाती हैं, जबकि खाद्य जाल केवल स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों में पाए जाते हैं

Correct Answer: B

**Q.8 उपकला ऊतक पशुओं में आवरण या सुरक्षात्मक परत के रूप में कार्य करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी ऐसी जगह नहीं है जहाँ उपकला ऊतक पाए जाते हैं?**

Ans A). वृक्क की नलिकाओं B). त्वचा C). मुख का अस्तरण D). अस्थि के अंदर

Correct Answer: D

**Q.9 मेथेन ($CH_4$) और एथीन ($C_2H_4$) की तुलना करने के दौरान, उनके सहसंयोजी आबंधों के संदर्भ में क्या सत्य है?**

Ans A). दोनों में केवल गैर-ध्रुवीय सहसंयोजी आबंध होते हैं B). एथीन में हाइड्रोजन परमाणुओं के बीच द्वि-आबंध होते हैं C). मेथेन में एक द्वि-सहसंयोजी आबंध होता है

D). मेथेन में केवल एकल सहसंयोजी आबंध होते हैं, जबकि एथीन में एक द्वि-आबंध होता है

Correct Answer: D

**Q.10 जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस से 10 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो लेंस उसी ओर 15 cm की दूरी पर एक आभासी प्रतिबिंब बनाता है। लेंस की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।**

Ans A). + 30 cm B). −10 cm C). −30 cm D). + 10 cm

Correct Answer: A

**Q.11 जब कोई मोटरकार उच्च चाल से तीक्ष्ण मोड़ पर मुड़ती है, तो यात्री एक तरफ़ उछल जाते हैं। इसे निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग करके समझाया जा सकता है?**

Ans A). न्यूटन का गति का पहला नियम B). संवेग संरक्षण का नियम C). स्थैतिक घर्षण का नियम D). न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का नियम

Correct Answer: A

**Q.12 एक व्यक्ति उत्तल लेंस का उपयोग करके एक छोटी वस्तु का आवर्धित वास्तविक प्रतिबिंब स्क्रीन पर प्रदर्शित करना चाहता है। वस्तु को लेंस के सापेक्ष कहाँ रखा जाना चाहिए?**

Ans A). लेंस के मुख्य फोकस पर B). लेंस और उसके मुख्य फोकस के बीच C). फोकस और लेंस से फोकस दूरी की दोगुनी दूरी के बीच

D). लेंस से फोकस दूरी की दोगुनी दूरी पर

Correct Answer: C

**Q.13 किसी गर्म वस्तु से हाथ हटाने से पहले सचेत रूप से चिंतन अक्षम (inefficient) क्यों माना जाता है?**

Ans A). क्योंकि तंत्रिका आवेग केवल शरीर की पेशियों से सीधे वापस मस्तिष्क तक गमन करते हैं

B). क्योंकि चिंतन में अनेक तंत्रिका आवेगों की समय लेने वाली जटिल अंतःक्रियाएँ शामिल होती हैं

C). =क्योंकि मस्तिष्क त्वचा से सीधे भेजे गए आगामी संवेदी संकेतों को प्राप्त नहीं कर सकता है

D). क्योंकि खतरनाक घटनाओं के दौरान मस्तिष्क द्वारा भेजे गए संकेतों के प्रति पेशियाँ अनुक्रिया नहीं कर सकती हैं

Correct Answer: B

**Q.14 भारत में एक सौर पैनल को स्वच्छ आकाश परिस्थितियों के अंतर्गत सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रखा जाता है। भारत में विद्युत उत्पादन के लिए कौन-सा विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम खंड, सौर पैनल को सूर्य की सर्वाधिक ऊर्जा प्रदान करता है?**

Ans A). पराबैंगनी प्रकाश B). अवरक्त विकिरण C). दृश्य प्रकाश D). गामा किरणें

Correct Answer: C

**Q.15 संक्षारण को धात्विक संरचनाओं और मशीनरी के लिए आर्थिक रूप से हानिकारक क्यों माना जाता है?**

Ans A). यह धातुओं को दुर्बल बनाता है और चिरस्थायित्व कम करता है B). यह पृष्ठीय दिखावट में सुधार करता है C). यह धातु की अभिक्रियाशीलता में वृद्धि करता है

D). यह धातु की चालकता को बढ़ाता है

Correct Answer: A

**Q.16 किसी क्षारीय विलयन में अम्ल मिलाने पर फीनॉलफ्थेलिन (phenolphthalein) के रंग में परिवर्तन का क्या कारण है?**

Ans A). विलयन उदासीन या अम्लीय हो जाता है B). तापमान में वृद्धि हो जाती है C). विलयन तनूकृत हो जाता है D). विलयन वाष्पित हो जाता है

Correct Answer: A

**Q.17 किसी परिनालिका के अंदर क्षेत्र रेखाओं को समानांतर सरल रेखाओं के रूप में क्यों वर्णित किया जाता है?**

Ans A). क्योंकि समानांतर रेखाएं यह दर्शाती हैं कि क्षेत्र में बहुत अधिक भिन्नता है

B). क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र अंदर के सभी बिंदुओं पर समान होता है, जो एकरूपता दर्शाता है C). क्योंकि धारा तेजी से दिशा बदलती है

D). क्योंकि परिनालिका लंबाई में बहुत छोटी होती है

Correct Answer: B

**Q.18** **जैविक वर्गिकी पदानुक्रम में, नए खोजे गए पादप को वर्गीकृत करते समय कौन-सा वर्गिकी पद (rank) सबसे अंत में निर्धारित किया जाता है?**

**Ans** A). वंश (Genus)  B). गण (Order)  C). कुल (Family)  D). स्पीशीज (Species)

Correct Answer: D

**Q.19** **जब ब्रोमीन जल को एथीन में मिलाया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दृश्य परिवर्तन प्रदर्शित होता है?**

**Ans** A). विलयन, योगज अभिक्रिया के बाद नीला हो जाता है

B). योगज अभिक्रिया के बाद जल में एक श्वेत अवक्षेप बनता है

C). ब्रोमीन जल का रंग अभिक्रिया के पश्चात नारंगी बना रहता है

D). ब्रोमीन जल का रंग नारंगी से रंगहीन हो जाता है

Correct Answer: D

**Q.20** **तत्व Y के एक परमाणु का परमाणु द्रव्यमान 20 u है। यदि Y के दूसरे परमाणु में दो न्यूट्रॉन अधिक हैं, लेकिन प्रोटॉनों की संख्या समान है, तो इसका परमाणु द्रव्यमान कितना होगा?**

**Ans** A). 18 u  B). 20 u  C). 24 u  D). 22 u

Correct Answer: D

**Q.21** **एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी ऊपर की ओर धारा प्रवाहित कर रहे एक ऊर्ध्वाधर तार पर दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम लागू करता है। तार के ठीक पूर्व में स्थित एक बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा क्या होगी?**

**Ans** A). चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर पूर्व की ओर इंगित होता है

B). चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर पश्चिम की ओर इंगित होता है

C). चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर दक्षिण की ओर इंगित होता है

D). चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर उत्तर की ओर इंगित होता है

Correct Answer: D

**Q.22** **मानव पेशियों में अवायवीय श्वसन के दौरान कौन-सा उत्पाद बनता है?**

**Ans** A). जल (Water)  B). एथेनॉल (Ethanol)  C). कार्बन डाइऑक्साइड (Carbon dioxide)  D). लैक्टिक अम्ल (Lactic acid)

Correct Answer: D

**Q.23** **जब किसी वस्तु को ऊपर की ओर उठाया जाता है, तो गुरुत्व बल द्वारा किया गया कार्य ऋणात्मक माना जाता है क्योंकि ____________।**

**Ans** A). वस्तु पर लगने वाला कुल बल शून्य होता है

B). गिरती हुई वस्तु पर गुरुत्व बल केवल धनात्मक कार्य करता है

C). वस्तु, गुरुत्व बल के विपरीत ऊपर की ओर विस्थापित होती है

D). गुरुत्व बल नियत रहता है

Correct Answer: C

**Q.24** **समान कार्य को करने में, मशीन A द्वारा लिया गया समय मशीन B द्वारा लिए गए समय का आधा है। मशीन A और मशीन B की शक्ति का अनुपात कितना होगा?**

**Ans** A). 1 : 2  B). 2 : 1  C). 1 : 1  D). 4 : 1

Correct Answer: B

**Q.25** **एक कार 3 घंटे में 150 किलोमीटर की दूरी तय करती है। कार की औसत चाल कितनी है और इस राशि के लिए सही मात्रक क्या है?**

**Ans** A). 150 किलोमीटर प्रति घंटे  B). 50 किलोमीटर प्रति घंटे  C). 50 किलोमीटर प्रति मिनट  D). 0.02 किलोमीटर प्रति घंटे

Correct Answer: B

**Q.26** **किसी स्मार्ट सिटी ज़ोन में 5G टेलीकॉम टावर स्थापित किया जाता है। टावर के आधार से 20 m की दूरी पर जमीन पर स्थित एक बिंदु से, टावर के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। टावर की ऊंचाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 20 m  B). 18 m  C). 25 m  D). 22 m

Correct Answer: A

**Q.27** **किसी कंपनी की कार की कीमत प्रति वर्ष 20% कम हो जाती है। तीन वर्ष बाद, कार की कीमत ₹32,768 है। कार की प्रारंभिक कीमत क्या थी?**

**Ans** A). ₹64,000  B). ₹59,800  C). ₹67,800  D). ₹61,200

Correct Answer: A

**Q.28** **एक दुकानदार 24 वस्तुएं बेचकर 12 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ अर्जित करता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 150%  B). 50%  C). 200%  D). 100%

Correct Answer: D

**Q.29** **एक संवृत घनाभीय बॉक्स के बाह्य पृष्ठ को ₹10 प्रति $cm^2$ की दर से पेंट करने की लागत ₹4,340 है। बॉक्स की लंबाई और चौड़ाई का योगफल 23 cm है। यदि बॉक्स की ऊंचाई 5 cm है, तो बॉक्स में वायु की मात्रा ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). $510\ cm^3$  B). $440\ cm^3$  C). $500\ cm^3$  D). $484\ cm^3$

Correct Answer: A

**Q.30** दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्रदान किए। डेविड ने प्रत्येक बैंक से ₹4,80,000 की धनराशि का ऋण लिया। 3 वर्ष के पश्चात डेविड द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 73,500 B). 72,000 C). 73,000 D). 71,500

**Correct Answer: B**

**Q.31** 432 और 120 तथा 150 के LCM का HCF कितना है?

**Ans** A). 24 B). 8 C). 12 D). 16

**Correct Answer: A**


**Q.32** एक स्कूल में चार ग्रेड हैं। ग्रेड 9, ग्रेड 10, ग्रेड 11 और ग्रेड 12 में प्राप्त औसत अंक क्रमशः 65, 70, 70 और 74 हैं। प्रत्येक संगत ग्रेड में विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 40, 45, 35 और 50 है। सभी ग्रेड के सभी विद्यार्थियों के लिए भारित समांतर माध्य अंक कितना है?

**Ans** A). 69 B). 70 C). 73 D). 68

**Correct Answer: B**

**Q.33** दिया गया ग्राफ किसी कंपनी की छह शाखाओं (A, B, C, D, E और F) द्वारा तीन ब्रांडों X, Y और Z के मोबाइल फोन की बिक्री (लाख में) को दर्शाता है।

ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके बाद पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




शाखा A की कुल बिक्री और शाखा D की कुल बिक्री का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 : 13 B). 17 : 15 C). 13 : 15 D). 15 : 17

**Correct Answer: B**

**Q.34** दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में क्रमशः 80 kmph और 70 kmph की चाल से चल रही हैं। उनकी लंबाई क्रमशः 1.20 km और 0.8 km है। धीमी ट्रेन द्वारा तेज ट्रेन को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 40 B). 50 C). 42 D). 48

**Correct Answer: D**

**Q.35** यदि ₹6,20,000 की धनराशि को अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 2% वार्षिक ब्याज की दर से एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹13,795 B). ₹12,462 C). ₹11,667 D). ₹10,682

**Correct Answer: B**

**Q.36** सरल कीजिए।

$$\frac{(p^2q^{-3})^3(p^{-5}q^4)^2}{p^{-1}q^{-2}}$$

**Ans** A). $\frac{q}{p^3}$ B). $\frac{p}{q^3}$ C). $\frac{p^2}{q5}$ D). $\frac{q^2}{p5}$

**Correct Answer: A**

**Q.37** एक पात्र में दूध और जल का मिश्रण 7 : 3 के अनुपात में है। जब 2 लीटर मिश्रण को 2 लीटर शुद्ध जल से प्रतिस्थापित किया जाता है, तो दूध और जल का नया अनुपात 7 : 5 हो जाता है। मिश्रण में मौजूद दूध की प्रारंभिक मात्रा ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8.4 लीटर B). 9.1 लीटर C). 6.3 लीटर D). 5.6 लीटर

**Correct Answer: A**

Q.38 एक पिता और उसके पुत्र की आयु का योग 50 है। यदि पिता की आयु, पुत्र की आयु की 4 गुनी है, तो पुत्र की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10 वर्ष B). 14 वर्ष C). 16 वर्ष D). 12 वर्ष

Correct Answer: A

Q.39 एक दुकानदार ₹40 प्रति kg की दर से 5 kg चावल और ₹60 प्रति kg की दर से 15 kg चावल खरीदता है। मिश्रण की प्रति kg औसत लागत ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹50 B). ₹45 C). ₹55 D). ₹52

Correct Answer: C

Q.40 दो समांतर रेखाओं को एक तिर्यक छेदी रेखा द्वारा काटा जाता है। यदि एक कोण (3x + 10)° है, और इसका संगत कोण (5x - 30)° है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 18 B). 25 C). 20 D). 15

Correct Answer: C

Q.41 दो संख्याओं का अनुपात 7:9 है। यदि प्रत्येक संख्या में 21 जोड़ दिया जाए, तो अनुपात 3:4 हो जाता है। संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans A). -147, -189 B). -91, -117 C). -98, -126 D). -84, -108

Correct Answer: A

Q.42 एक संख्या में पहले 30% की वृद्धि की जाती है और फिर 20% की कमी की जाती है। संख्या में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4% की कमी B). 4% की वृद्धि C). 10% की वृद्धि D). 8% की कमी

Correct Answer: B

Q.43 सुधा का व्यय उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसका व्यय 4% कम हो जाता है और बचत 35% बढ़ जाती है, तो उसकी आय कितने प्रतिशत बढ़ जाती है?

Ans A). 14% B). 9% C). 12% D). 11%

Correct Answer: B

Q.44 यदि $m\sec\alpha = 8, m\tan\alpha = 4$ है, तो $m^2\operatorname{cosec}\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 48 B). 24 C). 96 D). 2

Correct Answer: C

Q.45 A और B मिलकर किसी कार्य को 15.5 दिनों में कर सकते हैं तथा A अकेले उसे 21 दिनों में कर सकता है। B अकेले उसी कार्य को कितने समय में कर सकता है?

Ans A). $69\frac{2}{11}$ दिन B). $79\frac{2}{11}$ दिन C). $89\frac{2}{11}$ दिन D). $59\frac{2}{11}$ दिन

Correct Answer: D

Q.46 चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 99% और 40% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 53% और 52% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 52% और 10% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 51%, 85% और 68% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans A). II B). III C). I D). IV

Correct Answer: C

Q.47 दो सिक्योरिटी लाइटें, जिनमें से एक, प्रत्येक 36 मिनट और दूसरी, प्रत्येक 54 मिनट के नियमित अंतराल पर फ्लैश करती है। यदि दोनों लाइटें 8:00 AM पर एक साथ फ्लैश करती हैं, तो वे दोबारा एक साथ कब फ्लैश करेंगी?

Ans A). 9:28 AM B). 9:08 AM C). 9:38 AM D). 9:48 AM

Correct Answer: D

Q.48 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 44 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 36 | 37 | 26 | 34 | x |

Ans A). 177 B). 160 C). 161 D). 159

Correct Answer: A

Q.49 जीपें, प्रत्येक 10 मिनट में एक फॉरेस्ट चेकपॉइंट से निकलती हैं और समान रास्ते पर 24 km/h की अपरिवर्ती चाल से चलती हैं। रास्ते पर चल रही किन्हीं भी दो जीपों के बीच की दूरी (km में) कितनी होगी?

Ans A). 5 B). 4 C). 3 D). 6

Correct Answer: B

Q.50 उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी भुजाएं 14 cm, 21 cm और 29 cm हैं (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)।

Ans A). 137.87 $cm^2$ B). 137.71 $cm^2$ C). 137.08 $cm^2$ D). 137.42 $cm^2$

Correct Answer: A

**Q.51** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**20 A 2 B 5 C 4 D 6 = ?**

**Ans** A). 46 B). 45 C). 47 D). 48

**Correct Answer: D**

**Q.52** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के दाईं ओर केवल K बैठा है। P और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J, Q के दाईं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन Z के बाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है।
पंक्ति के दाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). Z B). P C). Q D). R

**Correct Answer: A**

**Q.53** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**17 - 34 ÷ 5 + 120 × 12 = ?**

**Ans** A). 173 B). 171 C). 180 D). 177

**Correct Answer: D**

**Q.54** C, D, E, F, J, K और L, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। F और J के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। K और C के बीच भी केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। D की परीक्षा L से पहले किसी दिन है और E के बाद किसी दिन है। J के बाद केवल C की परीक्षा है। F के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). पांच B). तीन C). चार D). एक

**Correct Answer: A**

**Q.55** यदि शब्द FORMALIZED के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). तीन B). दो C). चार D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.56** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SOLD' को '5368' के रूप में और 'LOUD' को '6318' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'U' का कूट क्या होगा?

**Ans** A). 1 B). 3 C). 6 D). 5

**Correct Answer: A**

**Q.57** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
**GDP: DAM**
**DOQ : ALN**

**Ans** A). MPN : JMK B). SEL : OAI C). EHL : CFI D). XHG : VFC

**Correct Answer: A**

**Q.58** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
**JUG GAB POT PEA**
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). दो B). एक भी नहीं C). एक D). तीन

**Correct Answer: B**

**Q.59** सौम्या अपनी कक्षा में नीचे से 21वें स्थान पर और शीर्ष से 16वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans** A). 35 B). 34 C). 36 D). 37

**Correct Answer: C**

**Q.60** सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V और W, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। V के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। V और U के बीच केवल तीन व्यक्ति हैं। T, V के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T और Q के बीच केवल दो व्यक्ति हैं। P, W के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन S के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। दी गई जानकारी के आधार पर, P के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). एक B). दो C). चार D). तीन

**Correct Answer: D**

**Q.61** एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर चुनें।

प्रश्न: 5 इमारतें A, K, T, W और Z हैं, और प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। सबसे छोटी इमारत कौन सी है?
(I) K, W से ऊंची है। W, T से ऊंची है।
(II) केवल T, A से छोटी है। Z, A से ऊंची है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I का डेटा पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
B). कथन I और II दोनों के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन II का डेटा पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।
D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) पर्याप्त है।

Correct Answer: C

**Q.62** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(10, 200, 10)
(12, 288, 12)

Ans A). (9, 162, 10) B). (8, 64, 8) C). (11, 242, 11) D). (9, 180, 11)

Correct Answer: C

**Q.63** V, W की पत्नी है। W, X का पिता है। X, Y का भाई है। V का Y से क्या संबंध है?

Ans A). पिता B). बहन C). माता की माता D). माता

Correct Answer: D

**Q.64** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : GPW :: WJC : %

Ans A). # = FNT, % = XLF B). # = FQT, % = YMF C). # = HQX, % = XLF D). # = HQX, % = YMG

Correct Answer: A

**Q.65** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WIRE' को '2954' के रूप में और 'DREW' को '4932' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' का कूट क्या होगा?

Ans A). 2 B). 3 C). 9 D). 4

Correct Answer: B

**Q.66** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'G + P − Q % K # S + N' है, तो G का N से क्या संबंध है?

Ans A). बहन की पुत्री B). माता C). भाई की पत्नी D). पिता की माता

Correct Answer: D

**Q.67** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 23 का संबंध 368 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 47 का संबंध 752 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 551 B). 528 C). 568 D). 534

Correct Answer: B

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

HKMN, DNKO, ?, VTGQ, RWER

Ans A). ZIQP B). ZQIP C). ZQPI D). ZPIQ

Correct Answer: B

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). IEB B). BXU C). PLI D). TQM

Correct Answer: D

Q.70 यदि शब्द 'BOWL' के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). एक B). एक का भी नहीं C). चार D). दो

Correct Answer: A

Q.71 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: सभी जाल, चादरें हैं। सभी जाल, तकिए हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ चादरें, तकिए हैं।
निष्कर्ष (II): सभी तकिए, जाल हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: A

Q.72 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). SUW B). JMO C). DGI D). GJL

Correct Answer: A

Q.73 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

165 A 5 D 17 C 13 B 6 = ?

Ans A). 98 B). 95 C). 90 D). 94

Correct Answer: D

Q.74 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 4 3 1 2 $ 9 & 2 ? 4 @ 1 9 * 3 7 3 @ & < % (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: C

Q.75 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
541 505 460 406 ? 271

Ans A). 354 B). 343 C). 333 D). 352

Correct Answer: B

Q.76 सात डिब्बे I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। J और I के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। R के ऊपर केवल K को रखा गया है। R और I के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। Q को S के नीचे किसी स्थान पर लेकिन T के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा डिब्बा, T के ऊपर दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans A). Q B). I C). J D). S

Correct Answer: C

Q.77 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) N % Q E A L & M @ B & F > £ N H * $ < L % P (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). एक भी नहीं

Correct Answer: A

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से ROBM का संबंध GDQB से है। उसी प्रकार, ZWJU का संबंध OLYJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SPCN का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). HERC B). HEAR C). HRED D). HCDE

Correct Answer: A

Q.79 यदि शब्द RESPONSIBLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

Correct Answer: B

Q.80 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 9 3 6 4 8 1 2 7 4 8 2 5 6 7 1 4 6 9 3 4 2 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: B

Q.81 वर्ष 2026 में आयोजित किस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के आधिकारिक आदर्श वाक्य के रूप में "इट्स योर वाइब (IT's Your Vibe)" का अनावरण किया गया था?

Ans A). फीफा विश्व कप 2026 B). राष्ट्रमंडल खेल 2026 C). एशियाई खेल 2026 D). 2026 शीतकालीन ओलंपिक

Correct Answer: D

Q.82 फरवरी 2026 में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स (CPI), 2025 के अनुसार भारत की रैंक और स्कोर क्या था?

Ans A). 41/100 के स्कोर के साथ 89वीं रैंक B). 38/100 के स्कोर के साथ 92वीं रैंक C). 40/100 के स्कोर के साथ 90वीं रैंक D). 39/100 के स्कोर के साथ 91वीं रैंक

Correct Answer: D

Q.83 ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से, मई 2026 में उन्नत अग्नि मिसाइल के उड़ान-परीक्षण के दौरान भारत ने निम्नलिखित में से किस उन्नत पेलोड डिलीवरी तकनीक को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया?

Ans A). इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल वायर-गाइडेड सब-म्यूनिशन (Electro-Optical Wire-Guided Sub-Munition)

B). एटमॉस्फेरिक लिक्विड रैमजेट सस्टेन्ड बूस्टर (Atmospheric Liquid Ramjet Sustained Booster)

C). मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल (Multiple Independently Targeted Re-entry Vehicle)

D). हाइपरसोनिक ग्लाइड नॉन-सेपरेबल वारहेड (Hypersonic Glide Non-Separable Warhead)

Correct Answer: C

Q.84 अक्टूबर 2025 में, कौन-सा भयंकर चक्रवाती तूफान भारत के पूर्वी तट से टकराया, जिसके कारण आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया?

Ans A). चक्रवात मोंथा (Cyclone Montha) B). चक्रवात शक्ति (Cyclone Shakti) C). चक्रवात रेमल (Cyclone Remal) D). चक्रवात दितवाह (Cyclone Ditwah)

Correct Answer: A

Q.85 फरवरी 2026 में नई दिल्ली में आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन मुख्यतः किस थीम पर केंद्रित था?

Ans A). परिवर्तन: सतत विकास के लिए दृष्टि, आवाज और मूल्य B). विकास: अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और सामाजिक परिवर्तन

C). भागीदारी: नवाचार, समावेशन और वैश्विक आर्थिक विकास D). संधारणीयता: शासन, वित्त और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

Correct Answer: A

Q.86 सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) के किस वैज्ञानिक को ग्रामीण ब्रॉडबैंड मानकों और समाधानों में उनके योगदान के लिए 2025 में IEEE SA स्टैंडर्ड्स मेडेलियन अवार्ड (IEEE SA Standards Medallion Award) से सम्मानित किया गया?

Ans A). संदीप कुमार अग्रवाल B). राजकुमार उपाध्याय C). ए. एस. किरण कुमार D). सैम पित्रोदा

Correct Answer: A

Q.87 2026 बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक पारित किया गया था?

Ans A). परिसीमन विधेयक, 2026 B). कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 C). जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026

D). संघ राज्य-क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2026

Correct Answer: C

Q.88 जनवरी 2026 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लॉन्च किया गया शिकायत निवारण अभियान किस तंत्र से संबंधित था?

Ans A). ऋण प्राधिकरण तंत्र B). मौद्रिक नीति ढांचा C). एकीकृत ओम्बड्समैन योजना D). तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई ढांचा

Correct Answer: C

**Q.89** **कैटरीना मैन्सन द्वारा लिखित वह कौन-सी पुस्तक है जिसे 24 मार्च, 2026 को विमोचित किया गया था, जिसमें आधुनिक युद्ध स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (artificial intelligence) और एल्गोरिथमिक लक्ष्यीकरण (algorithmic targeting) को एकीकृत करने के लिए पेंटागन के अभियान का विवरण दिया गया है?**

Ans A). ऑपरेशन सेंटिनल: ए नेवल कमांडर, हिज़ यूनिट, एंड द राइज़ ऑफ़ साइबर वॉरफ़ेयर (Operation Sentinel: A Naval Commander, His Unit, and the Rise of Cyber Warfare)

B). प्रोजेक्ट मावेन: ए मरीन कर्नल, हिज़ टीम, एंड द डॉन ऑफ़ AI वॉरफ़ेयर (Project Maven: A Marine Colonel, His Team, and the Dawn of AI Warfare)

C). कोड फ्रंटियर: ए मिलिट्री कैप्टन, हिज़ नेटवर्क, एंड द फ़्यूचर ऑफ़ डिजिटल वॉरफ़ेयर (Code Frontier: A Military Captain, His Network, and the Future of Digital Warfare)

D). मिशन फ़ीनिक्स: एन एयर फ़ोर्स जनरल, हिज़ स्क्वाड्रन, एंड द एज ऑफ़ ड्रोन वॉरफ़ेयर (Mission Phoenix: An Air Force General, His Squadron, and the Age of Drone Warfare)

**Correct Answer: B**

**Q.90** **पुडुचेरी के निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को मई 2026 में खेल के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया?**

Ans A). श्री एम. धनपाल B). श्री आर. वेंकटेशन C). श्री के. पजनीवेल D). श्री एस. राजसेकर

**Correct Answer: C**

**Q.91** **अप्रैल 2026 में, उत्तर प्रदेश के हरदोई में 594 किमी लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के रूप में किस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया गया था?**

Ans A). गंगा एक्सप्रेसवे B). यमुना एक्सप्रेसवे C). पूर्वांचल एक्सप्रेसवे D). बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे

**Correct Answer: A**

**Q.92** **फरवरी 2026 में, भारतीय सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय द्वारा आयोजित उच्च-स्तरीय अभियान सम्मेलन किस राष्ट्रीय रणनीतिक ढांचे के तहत आयोजित किया गया था?**

Ans A). थिएटर कमांड डिसेंट्रलाइजेशन (Theater Command Decentralization) B). इंटीग्रेटेड कोस्टल डिफेंस (Integrated Coastal Defense)

C). ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशन्स (All Domain Joint Operations) D). नेटवर्क सेंट्रिक साइबर वॉरफेयर (Network Centric Cyber Warfare)

**Correct Answer: C**

**Q.93** **फरवरी 2026 में, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने हज तीर्थयात्रा के दौरान हज तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए किस पहनने योग्य (wearable) सुविधा को लॉन्च किया था?**

Ans A). हज सुविधा स्मार्ट रिस्टबैंड B). पिलग्रिम असिस्टेंस ट्रैकर C). हज सेफ्टी आइडेंटिटी बैंड D). हज डिजिटल ट्रैवल कार्ड

**Correct Answer: A**

**Q.94** **ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 का फाइनल भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में खेला गया था, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीन खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई?**

Ans A). चेन्नई B). मुंबई C). अहमदाबाद D). कोलकाता

**Correct Answer: C**

**Q.95** **मई 2026 में, हरमनप्रीत कौर को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। किस प्रमुख उपलब्धि के कारण उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ?**

Ans A). भारत को उसका पहला ODI वर्ल्ड कप खिताब जिताना B). एशियाई गेम्स में लगातार स्वर्ण पदक जीतना C). तीन सौ अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करना

D). T20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक बनाना

**Correct Answer: A**

**Q.96** **वर्ष 2026 में पूरे भारत में मनाए गए राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आधिकारिक रूप से निर्धारित थीम क्या थी?**

Ans A). माय इंडिया, माय वोट (My India, My Vote) B). नो वोटर टु बी लेफ्ट बिहाइंड (No Voter to be Left Behind)

C). मेकिंग इलेक्शन इंक्लूसिव एंड एक्सेसिबल (Making Elections Inclusive and Accessible)

D). नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर (Nothing Like Voting, I Vote for Sure)

**Correct Answer: A**

**Q.97** **सौदे में शामिल VL-Shtil मिसाइल प्रणाली ________ की हवाई रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करेगी।**

Ans A). सीमा सुरक्षा बल B). भारतीय नौसेना C). भारतीय वायु सेना D). भारतीय थल सेना

**Correct Answer: B**

**Q.98** **अप्रैल 2026 में, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने किस संगठन के साथ संयुक्त रूप से एडवांस्ड जेट इंजनों के विनिर्माण के लिए एक प्रमुख प्रौद्योगिकी समझौते पर हस्ताक्षर किए?**

Ans A). GE एयरोस्पेस B). नॉर्थ्रोप ग्रुम्मन C). लॉकहीड मार्टिन D). रेथियॉन टेक्नोलॉजीज

**Correct Answer: A**

**Q.99** **मार्च 2026 में करुणा: द पावर ऑफ कम्पैशन (Karuna: The Power of Compassion) नामक पुस्तक का विमोचन किस लेखक ने किया?**

Ans A). कैलाश सत्यार्थी B). देवदत्त पटनायक C). रस्किन बॉन्ड D). राजदीप सरदेसाई

**Correct Answer: A**

**Q.100** **ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए, 2026 से 2033 तक आठ वर्षीय 'देश रणनीतिक अवसर कार्यक्रम' (COSOP) शुरू करने हेतु किस अंतरराष्ट्रीय संगठन ने भारत सरकार के साथ साझेदारी की है?**

**Ans** A). विश्व बैंक

B). अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष

C). एशियाई विकास बैंक

D). अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

**Correct Answer: B**

"